# मौसम आधारित प्रदेश स्तरीय कृषि परामर्श समूह (क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप)

प्रदेश स्तर पर महानिदेशक, उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में वर्ष 2002 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मौसम आधारित प्रदेश स्तरीय कृषि परामर्श समूह (क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप) का गठन किया गया। ग्रुप का गठन प्रदेश के विभिन्न अंचलों में मौसम की समीक्षा करते हुए कृषि जलवायुवार रणनीति तथा आकस्मिक योजना तैयार कर सम्बन्धित विभागों एवं संचार माध्यमों के द्वारा किसानों तक पहुँचाकर फसलों पर होने वाले सम्भावित कुप्रभावों को कम करने के उद्देश्य से किया गया।

उद्देश्य

- मौसम आधारित विभिन्न कृषि–जलवायु क्षेत्रों हेतु एग्रो–एडवाइजरी तैयार करना।
- मौसम की विभिन्न परिस्थितियों यथा– सूखा, बाढ़, अतिवृष्टि, पाला आदि हेतु आकस्मिक कार्ययोजना तैयार करना।
- समूह की संस्तुतियों को प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचारित–प्रसारित करना।

कार्य योजना

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली एवं प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में स्थापित मौसम वेधशालाओं से प्राप्त मौसम संबंधित तथा रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर से सेटेलाइट आधारित सूचनाएँ प्राप्त करना।
- कृषि निदेशालय, उ.प्र. के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न फसलों के अन्तर्गत मौसम आच्छादित क्षेत्रफल के विषय में सूचना प्राप्त करना।
- रोग एवं कीटों के प्रकोप के संदर्भ में कृषि विभाग, उ.प्र. में गठित राज्य स्तरीय पेस्ट सर्वेलान्स एवं एडवाइजरी यूनिट से रिपोर्ट प्राप्त करना।
- प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रदेश के कृषकों हेतु मौसम पूर्वानुमान एवं एग्रो एडवाईजरी तैयार करना।
- परिषद में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की साप्ताहिक/पाक्षिक बैठकों का आयोजन तथा ग्रुप द्वारा दी गयी संस्तुतियों को शासन प्रेषित करने के साथ–साथ किसानों के लाभार्थ कृषि विश्वविद्यालयों, संबंधित विभागों, प्रिंट मीडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा एस.एम.एस. के माध्यम से त्वरित एवं व्यापक प्रचार–प्रसार करना।

मौसम आधारित प्रदेश स्तरीय कृषि परामर्श समूह (क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | महानिदेशक, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद | अध्यक्ष |
| 2. | कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3. | निदेशक, उद्यान, उत्तर प्रदेश या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4. | निदेशक, पशुपालन, उत्तर प्रदेश या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 5. | निदेशक, मत्स्य, उत्तर प्रदेश या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 6. | निदेशक, रेशम, उत्तर प्रदेश या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7. | गन्ना आयुक्त या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 8. | मुख्य वन संरक्षक या विभाग का प्रतिनिधि | सदस्य |
| 9. | निदेशक, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, लखनऊ या उनका प्रतिनिधि | सदस्य |
| 10. | निदेशक, आंचलिक भारतीय मौसम विज्ञान केन्द्र, अमौसी | सदस्य |
| 11. | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लखनऊ स्थित संस्थान यथा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, राष्ट्रीय मत्स्य आनुवांशिकी अनुसंधान ब्यूरो, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ) द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 12. | उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद के समस्त वैज्ञानिक | सदस्य |
| 13. | आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के नामित मौसम वैज्ञानिक | सदस्य |
| 14. | सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के नामित मौसम वैज्ञानिक | सदस्य |
| 15. | चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के नामित मौसम वैज्ञानिक | सदस्य |
| 16. | बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के नामित मौसम वैज्ञानिक | सदस्य |
| 17. | सैम हिग्गिनबॉटम एग्रीकल्चर, टेक्नॉलॉजी एण्ड सांइसेज विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नामित मौसम वैज्ञानिक | सदस्य |
| 18. | प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से नामित एक राईस ब्रीडर | सदस्य |
| 19. | प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से नामित एक व्हीट ब्रीडर | सदस्य |
| 20. | प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से नामित एक दलहन वैज्ञानिक | सदस्य |
| 21. | प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से नामित एक तिलहन वैज्ञानिक | सदस्य |
| 22. | प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से नामित एक कीट वैज्ञानिक | सदस्य |
| 23. | प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों से नामित एक पादप रोग वैज्ञानिक | सदस्य |
| 24. | निदेशक, सांख्यिकी, कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश | सदस्य |
| 25. | सूचना निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा नामित सूचना अधिकारी | सदस्य |
| 26. | इफ्को किसान संचार लि., द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 27. | निदेशक, आकाशवाणी के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 28. | निदेशक, दूरदर्शन के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 29. | वैज्ञानिक अधिकारी (मृदा एवं जल प्रबंधन), उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद | सदस्य सचिव |

डा0 नसीम ज़ैदी
सचिव

कार्यालय : CH 3576
: 238464
: 238154
आवास : 482180
फैक्स : Code 0522
: 238054
E-mail : nasim@up.nic.in

उत्तर प्रदेश शासन
**कृषि विभाग**
बहुखण्डी भवन,
विधान भवन, लखनऊ - 226001

अ0शा0पत्र संख्याः 144 /पीएसकेएस/2001
19-7-2002

प्रिय महोदय,

अवगत हैं कि इस समय प्रदेश सूखा की स्थिति से गुजर रहा है तथा अनेकों जनपद सूखाग्रस्त घोषित हो गये हैं। क्राप वेदर फोरकास्ट के बारे में लगातार सूचनाएँ प्राप्त करना आवश्यक है। इसमें नई दिल्ली स्थित मौसम केन्द्रों से सूचना प्राप्त करना आवश्यक है, ताकि मीडियम रेंज फोरकास्ट की सूचना प्राप्त हो सके। अतः इस सम्बंध में यह निर्णय लिया गया है कि महानिदेशक, उपकार की अध्यक्षता में वेदरफोरकास्ट ग्रुप एण्ड वाच ग्रुप बना दिया जाये, जिसमें कृषि विश्वविद्यालयों के एग्री मैटेरियोलाजी के प्रतिनिधि सहित कृषि निदेशालय और रिमोट सेंसिंग के प्रतिनिधि भी रहें। उक्त ग्रुप द्वारा वर्षा के बोये गये क्षेत्रफल और सूखा परिस्थितियों के बारे में प्रत्येक मण्डल से सम्बंधित सूचनाएँ प्राप्त की जायें तथा समय-समय पर शासन को मण्डलवार कंटीजेंट प्लान बनाने के सम्बंध में परामर्श उपलब्ध कराया जाये।

आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( नसीम ज़ैदी )

(जी० बी० सिंह)
महानिदेशक
उ० प्र० कृषि अनुसंधान प०

डा0 जी0बी0 सिंह,
महानिदेशक,
उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद,
लखनऊ।

संख्याः /2002 उक्त दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निदेशक, कृषि विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, लखनऊ ।

( नसीम ज़ैदी )
सचिव।